एच) ऊपर दिए गए लाभों के लिए डीसीसीओ (2 वर्ष की अतिरिक्त अवधि तक) के विस्तार पर विचार करते समय, बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि पुनर्भुगतान अनुसूची परियोजना के आर्थिक जीवन/रियायती अवधि के 85 प्रतिशत से अधिक न हो; तथा

आई) यह सुविधा किसी परियोजना को डीसीसीओ की उपलब्धि से पहले केवल एक बार उपलब्ध होगी और स्वामित्व में बाद के परिवर्तन, अगर कुछ है तो, के दौरान उपलब्ध नहीं होगी।

4.2.15.3.4 इस दिशानिर्देश के तहत शामिल किए गए ऋणों पर उनकी परिसंपत्ति वर्गीकरण संबंधी स्थिति के आधार पर मौजूदा प्रावधान मानदंडों के अनुसार प्रावधान किया जाएगा।

*4.2.15.4 अनुमानित डीसीसीओ*

4.2.15.4.1 कई स्वतंत्र इकाइयों वाली एक परियोजना को उस तारीख से वाणिज्यिक संचालन शुरू किया गया माना जाएगा जब निम्नलिखित के शर्तों के अधीन मूल रूप से परिकल्पित क्षमता के 50 प्रतिशत (या अधिक) का प्रतिनिधित्व करने वाली स्वतंत्र इकाइयों ने मूल रूप से परिकल्पित अंतिम उत्पादन का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू किया है:

ए. मूल रूप से परिकल्पित क्षमता के शेष 50 प्रतिशत (या उससे कम) का प्रतिनिधित्व करनेवाली इकाइयां वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के लिए मानी गई तारीख से एक वर्ष की अधिकतम अवधि के भीतर वाणिज्यिक परिचालन शुरू करेंगे;

बी. परियोजना की व्यावसायिक व्यवहार्यता का पुनर्मूल्यांकन बिना किसी संदेह के किया जाएगा; और

सी. संयंत्र इकाइयों जिन्होंने वाणिज्यिक संचालन शुरू किया है, पर आरोप्य परियोजना ऋण घटक के संबंध में ब्याज दायित्व का पूंजीकरण समाप्त होना है और राजस्व व्यय को राजस्व खाते के तहत दर्ज किया गया है।

4.2.15.4.2 ऐसे मामलों में**,** बैंक**,** अपने विवेक पर**,** समतुल्य या कम अवधि अर्थात एक साल तक कोई अन्य परिवर्तन नहीं किए जाने की स्थिति में (संशोधित पुनर्भुगतान अनुसूची की आरंभ तिथि और समाप्ति तिथि सहित) के लिए उन इकाइयों पर जिन्होंने वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किए हैं**,** उन पर आरोप्य ऋण की चुकौती अनुसूची में परिणामी बदलाव प्रभावी कर सकते हैं।

4.2.15.4.3 यदि शेष इकाइयाँ उपरोक्त पैराग्राफ **4.2.15.4.1 (**ए) में निर्धारित एक वर्ष के समय के भीतर वाणिज्यिक संचालन शुरू नहीं करती हैं**,** तो खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में माना जाएगा और तदनुसार प्रावधान किया जाएगा।

*4.2.15.5 कार्यान्वियन के अधीन आनेवाली परियोजनाओं के लिए लागत में वृद्धि का वित्तपोषण*

4.2.15.5.1 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, परियोजना वित्त ऋणदाता जरूरत पड़ने पर लागत में वृद्धि के लिए 'स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधा' को मंजूरी देते हैं। ऐसी 'अतिरिक्त ऋण सुविधाएं' प्रारंभिक वित्तीय समाप्ति के समय मंजूर की जाती हैं; लेकिन केवल तभी वितरित किया जाता है जब लागत अधिक हो जाती है। उधारकर्ताओं/परियोजना के ऋण निर्धारण के समय, परियोजना ऋण इक्विटी अनुपात, ऋण सेवा कवरेज अनुपात, अचल संपत्ति कवरेज अनुपात आदि का निर्धारण करते समय इस तरह की लागत में वृद्धि को भी ध्यान में रखा जाता है। इस तरह की 'स्टैंडबाय क्रेडिट सुविधाएं' आधार परियोजना ऋणों के समान होती हैं और उनकी चुकौती अनुसूची भी मूल परियोजना ऋणों के समान ही होती है।

4.2.15.5.2 तदनुसार, ऐसे मामलों में जहां बैंकों ने लागत में वृद्धि के लिए प्रारंभिक वित्तीय समापन के समय विशेष रूप से एक 'स्टैंडबाय सुविधा' स्वीकृत की है, वे सहमत नियमों और शर्तों के अनुसार लागत वृद्धि को निधि दे सकते हैं।

4.2.15.5.3 जहां प्रारंभिक वित्तीय समापन में लागत में वृद्धि के ऐसे वित्तपोषण की परिकल्पना नहीं की गई है, बैंकों को निम्नलिखित शर्तों के अधीन ऋणों को 'पुनर्गठित परिसंपत्ति' के रूप में माने बिना लागत वृद्धि जो मूलभूत संरचना और गैर-मूलभूत संरचना परियोजनाओं के लिए वित्तीय समाप्ती के समय निर्धारित मूल डीसीसीओ से क्रमश: दो साल और एक साल के विस्तार के कारण उपन्न होता है, प्रदान करने की अनुमति है :

ए) बैंक अतिरिक्त 'निर्माण के दौरान ब्याज' के लिए निधि दे सकते हैं, जो किसी परियोजना के पूरा होने में देरी के कारण उत्पन्न होता है;

बी) मूल परियोजना लागत के अधिकतम 10% तक अन्य लागत वृद्धि (निर्माण के दौरान ब्याज को छोड़कर);

सी) प्रारंभिक वित्तीय समापन के समय सहमत ऋण इक्विटी अनुपात, लागत में वृद्धि या उधारदाताओं के पक्ष में सुधार के फलस्वरूप अपरिवर्तित रहना चाहिए और संशोधित ऋण सेवा कवरेज अनुपात उधारदाताओं को स्वीकार्य होना चाहिए;

डी) लागत में वृद्धि के लिए निधि का वितरण प्रायोजकों/प्रवर्तकों द्वारा लागत में वृद्धि के निधीयन के प्रति अपना हिस्सा लाने के पश्चात ही किया जाना चाहिए; और

इ) ऋण संबंधी सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तनीय रहेगी या उधारदाताओं के पक्ष में बढ़ाया जाना चाहिए।

4.2.15.5.4 ऊपर पैराग्राफ 4.2.15.5.3(बी) में उल्लिखित मूल परियोजना लागत के 10 प्रतिशत की सीमा अन्य करेंसी के प्रति भारतीय रुपए में उतार-चढ़ाव के कारण लागत में वृद्धि सहित वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने की तारीख में विस्तार के कारण उत्पन्न होनेवाले अन्य सभी लागतों में वृद्धि के वित्तपोषण के लिए लागू है।

*4.2.15.6 अन्य मामले*

4.2.15.6.1 वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने से पहले परियोजना ऋणों का पुनर्गठन संबंधी अन्य सभी पहलू इस मास्टर परिपत्र के भाग बी-1 और भाग बी-2 के प्रावधानों द्वारा नियंत्रित होगा। वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के पश्चात परियोजना ऋणों का पुनर्गठन भी इन अनुदेशों द्वारा नियंत्रित होगा।

4.2.15.6.2 परियोजना के दायरे और आकार में वृद्धि के कारण किसी परियोजना की चुकौती अनुसूची में किसी प्रकार के परिवर्तन को पुनर्गठन के रूप में नहीं माना जाएगा अगर:

ए) परियोजना का दायरा और आकार में वृद्धि मौजूदा परियोजना के वाणिज्यिक परिचालन की शुरुआत से पहले होता है।

बी) मूल परियोजना के संबंध में किसी प्रकार की लागत में वृद्धि को छोड़कर लागत में वृद्धि मूल लागत के 25% या उससे अधिक है।

सी) दायरे में वृद्धि को मंजूरी देने से पहले बैंक परियोजना की व्यवहार्यता का पुनर्मूल्यांकन करता है और नया डीसीसीओ तय करता है।

डी) पुन:रेटिंग(अगर पहले रेटिंग किया गया है) करने पर, नया रेटिंग पुराने रेटिंग से एक स्तर नीचे नहीं है।

4.2.15.6.3 डीसीसीओ का एक से अधिक बार संशोधन और उसके फलस्वरूप चुकौती अनुसूची में समान या कम अवधि (संशोधित चुकौती अनुसूची की शुरुआती और समाप्ति तारीख सहित) के लिए बदलाव को <u>एक ही पुनर्गठन के रूप में लिया जाएगा</u> बशर्तेकि संशोधित डीसीसीओ ऊपर पैराग्राफ 4.2.15.2(iv) में निर्धारित संबन्धित समयसीमा के भीतर निर्धारित किया गया है, ऋण संबंधी अन्य सभी शर्तों और नियमों में कोई परिवर्तन नहीं है।

4.2.15.6.4 बैंक, अगर उचित लगे, ऊपर पैराग्राफ 4.2.15.2(iv) में निर्धारित संबन्धित समयसीमा से अधिक डीसीसीओ का विस्तार कर सकते हैं; तथापि, उस मामले में, बैंक ऐसे ऋण खातों के 'मानक' आस्ति वर्गीकरण स्थिति को बनाए नहीं रख सकते।

4.2.15.6.5 पुनर्गठन संबंधी उपर्युक्त सभी मामलों में जहां विनियामक सहनशीलता को बढ़ाया गया है, बैंकों के बोर्ड को परियोजना और पुनर्गठन योजना की व्यवहार्यता के संबंध में अपने आप को संतुष्ट करना चाहिए।

*4.2.15.7 डीसीसीओ के आस्थगन और लागत में वृद्धि से संबंधित कार्यान्वियन के तहत परियोजनाओं के लिए परिसंपत्ति वर्गीकरण और आय की पहचान*

4.2.15.7.1 वे मामले जहां डीसीसीओ को पैराग्राफ 4.2.15.2 में निर्धारित अवधियों के भीतर विस्तार किया गया है और लागत में वृद्धि का निधीयन पैराग्राफ 4.2.15.5 में उल्लिखित सीमा/शर्तों का अनुपालन करता है, ऐसे ऋण सभी अर्थों में 'मानक' के रूप में मान लिया जाएगा।

4.2.15.7.2 वे मामले जहां डीसीसीओ का विस्तार पैराग्राफ 4.2.15.2 में निर्धारित अवधियों के भीतर किया गया है लेकिन लागत में वृद्धि का निधीयन पैराग्राफ 4.2.15.5 में निर्धारित सीमा/शर्तों का अनुपालन नहीं करता है, ऐसे ऋणों को 'पुनर्गठित मानक' के रूप में लिया जाएगा और पुनर्गठन की तारीख से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने की तारीख तक या पुनर्गठन की तारीख से 2 साल, जो भी बाद में आता है, से 5 प्रतिशत का प्रावधान आकर्षित करता है। एक बार पूरी परियोजना वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के पश्चात इन ऋणों को 'मानक' श्रेणी में अपग्रेड किया जा सकता है।

4.2.15.7.3 वे मामले जहां डीसीसीओ का विस्तार पैराग्राफ 4.2.15.2(iii) में निर्धारित अवधियों से अधिक किया जाता है लेकिन पैराग्राफ 4.2.15.2 (iv) में निर्धारित अवधियों के भीतर और लागत में वृद्धि का निधीयन पैराग्राफ 4.2.15.5 में निर्धारित सीमा/शर्तों का अनुपालन करता है, ऐसे ऋणों को 'पुनर्गठित मानक' के रूप में मान लिया जाएगा और ऐसे पुनर्गठन की तारीख से वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने की तारीख तक या पुनर्गठन की तारीख से 2 साल, जो भी बाद में आता है, से 5 प्रतिशत का प्रावधान आकर्षित करता है। एक बार पूरी परियोजना वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के पश्चात इन ऋणों को 'मानक' श्रेणी में अपग्रेड किया जा सकता है।

4.2.15.7.4 वे मामले जहां डीसीसीओ का विस्तार पैराग्राफ 4.2.15.2(iii) में निर्धारित अवधियों से अधिक किया जाता है लेकिन पैराग्राफ 4.2.15.2 (iv) में निर्धारित अवधियों के भीतर और लागत में वृद्धि का निधीयन पैराग्राफ 4.2.15.5 में निर्धारित सीमा/शर्तों का अनुपालन करता है, ऐसे ऋणों को 'अनर्जक आस्ति' के रूप में मान लिया जाएगा। इन ऋणों को डीसीसीओ के बाद 'निगरानी अवधि' के दौरान संतोषजनक रूप से कार्यनिष्पादन के बाद ही 'मानक' के रूप में अपग्रेड किया जाएगा;

4.2.15.7.5 डीसीसीओ में परिवर्तन, चुकौती अनुसूची में परिणामी समानांतर बदलाव और लागत में वृद्धि का निधीयन, दायरे के भीतर अनुमत अनुसार, जैसे विशेष रूप से जो अनुमत है को छोड़कर आर्थिक कठिनाई का सामना कर रहे उधारकर्ता के मूल परियोजना ऋणों(अर्थात प्रवर्तकों का ईक्विटी अंशदान, ब्याज आदि) की प्रमुख शर्तों और नियमों में कोई परिवर्तन को 'पुनर्गठन' के घटना के रूप में माना जाएगा जिसके फलस्वरूप खाते को 'अनर्जक आस्ति' के रूप में वर्गीकृत किया जाना आवश्यक होगा और तदनुसार प्रदान किया जाएगा। इन ऋणों को डीसीसीओ के बाद 'निगरानी अवधि' के दौरान संतोषजनक रूप से कार्यनिष्पादन के बाद ही 'मानक' के रूप में अपग्रेड किया जाएगा।

4.2.15.7.6 बैंक वाणिज्यिक परिचालन शुरू होने के बाद परियोजनाओं के लिए स्वीकृत आवश्यकता आधारित कार्यशील पूंजी को ऐसे कार्यशील पूंजी खातों का संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन परियोजना ऋणों की परिसंपत्ति वर्गीकरण श्रेणी की परवाह किए बिना 'मानक' के रूप में मान सकते हैं। बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यशील पूंजी ऋणों का निर्धारण कड़ाई से आवश्यकता आधारित हो और बैंक अति-वित्तपोषण से दूर रहेंगे। अगर 'अनर्जक आस्ति' के रूप में वर्गीकृत परियोजना ऋण 'निगरानी अवधि' के दौरान संतोषजनक रूप से कार्यनिष्पादन नहीं करता अहि और इसलिए 'मानक' के रूप में अपग्रेड़ होने में विफल हो जाता है तो कार्यशील पूंजी ऋणों को भी उसी आस्ति वर्गीकरण श्रेणी में रखा जाएगा जिस प्रकार 'निगरानी अवधि' के पूरा होने के बाद परियोजना ऋणों को रखा जाता है।

*4.2.15.8 आय की पहचान*

4.2.15.8.1 कार्यान्वयन के तहत परियोजनाओं के संबंध में बैंक प्रोद्भवन के आधार पर आय की पहचान कर सकते हैं, जिन्हें 'मानक' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

4.2.15.8.2 बैंकों को उन परियोजनाओं के संबंध में प्रोद्भवन के आधार पर आय की पहचान नहीं करनी चाहिए, जिन्हें 'घटिया' परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है। बैंक ऐसे खातों में केवल वसूली पर यानी नकद आधार पर आय की पहचान कर सकते हैं।

4.2.15.8.3 मूलधन/अवैतनिक ब्याज, जैसा भी मामला हो, के रूपांतरण द्वारा निर्मित एफआईटीएल/ऋण/इक्विटी लिखतों का नियामक व्यवहार इस मास्टर परिपत्र के भाग बी2 के पैरा 21 के अनुसार होगा।

4.2.16 पोतलदानोत्तर आपूर्तिकर्ता की साख

4.2.16.1 देशों को माल के निर्यात जिसके लिए निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) की सुरक्षा उपलब्ध है, को कवर करते हुए बैंकों द्वारा प्रदान कर रहे पोतलदानोत्तर ऋण के संबंध में एक्सिम बैंक ने एक गारंटी-सह-पुन:वित्तीयन कार्यक्रम शुरू किया है जिसके द्वारा, चूक होने पर, बैंक को गारंटी की गई राशि का भुगतान एक्सिम बैंक करेगा। यह भुगतान निर्यातक द्वारा ईसीजीसी के पास दावा दायर करने के बाद बैंक द्वारा गारंटी का आह्वान करने के दिन से 30 दिनों की अवधि के भीतर किया जाएगा।

4.2.16.2 तदनुसार, एक्सिम बैंक से भुगतान मिलने तक अग्रिम को आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण संबंधी उद्देश्यों के लिए अनर्जक आस्ति के रूप में न गिना जाए।

4.2.17 निर्यात परियोजना वित्त

4.2.17.1 निर्यात परियोजना वित्त के संबंध में, ऐसी घटनाएं हो सकती है जहां वास्तविक आयातक ने विदेश में बैंक को देय राशि का भुगतान किया है लेकिन युद्ध, विवाद, यूएन प्रतिरोध आदि राजनीतिक घटनाक्रमों के कारण बैंक उसका विप्रेषण नहीं कर सका।

4.2.17.2 ऐसे मामलों में, जहां बैंक की बहियों में ऋण एनपीए घोषित किए जाने से पहले उधारकर्ता बैंक दस्तावेजी सबूत के जरिए यह साबित करने में समर्थ होता कि आयातक ने विदेश में बैंक में राशि जमा करते हुए देय राशि का पूर्ण रूप से निपटान किया है, लेकिन आयातक का देश राजनीतिक या अन्य कारणों से निधि के विप्रेषण की अनुमति नहीं देता है, तो आयातक द्वारा विदेश में बैंक में रकम जमा करने की तारीख से एक साल की अवधि के बाद आस्ति वर्गीकरण किया जाए।

4.2.18 ऋण एक्सपोजर का हस्तांतरण

ऋण के हस्तांतरण से जुड़े लेनदेन के संबंध में आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण की आवश्यकताएं भारतीय रिज़र्व बैंक (ऋण एक्सपोजर का हस्तांतरण) निदेश, 2021 के अनुसार होंगी।

4.2.19 क्रेडिट कार्ड खाते

4.2.19.1 क्रेडिट कार्ड खातों में, खर्च की गई राशि के एक निश्चित नियत तारीख को पुर्नभुगतान के लिए मासिक विवरण के माध्यम से कार्ड के उपयोगकर्ताओं को बिल भेजा जाता है। बैंक कार्ड उपयोगकर्ताओं को या तो पूरी राशि या उसके एक अंश का भुगतान करने, अर्थात, नियत तारीख पर देय न्यूनतम राशि और शेष राशि को बाद के महीनों के बिलिंग चक्र में रोल-ओवर का विकल्प देते हैं ।

4.2.19.2 यदि विवरण में उल्लिखित न्यूनतम देय राशि, विवरण में उल्लिखित भुगतान की देय तिथि से 90 दिनों के भीतर पूरी तरह से भुगतान नहीं की जाती है तो क्रेडिट कार्ड खाते को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में माना जाएगा ।

4.2.19.3 बैंक क्रेडिट कार्ड खाते को क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को 'पिछले देय' के रूप में केवल तभी रिपोर्ट करेंगे या दंडात्मक शुल्क, अर्थात देर से भुगतान शुल्क आदि, यदि कोई हो, लगाएंगे जब कोई क्रेडिट कार्ड खाता तीन दिनों से अधिक समय तक 'पिछले देय' रहता हो। हालांकि, देय दिनों की संख्या और देर से भुगतान शुल्क की गणना क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट में उल्लिखित भुगतान देय तिथि से की जाएगी।

## 5. प्रावधान मानदंड

### 5.1 सामान्य

5.1.1 ऋण परिसंपत्तियों, निवेश या अन्य परिसंपत्तियों के मूल्य में किसी भी कमी के लिए पर्याप्त प्रावधान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी बैंक प्रबंधन और सांविधिक लेखा परीक्षकों की है। विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों के संदर्भ में पर्याप्त और आवश्यक प्रावधान करने के संबंध में निर्णय लेने में बैंक प्रबंधन और वैधानिक लेखा परीक्षकों की सहायता के लिए आरबीआई के निरीक्षण अधिकारी द्वारा किया गया मूल्यांकन बैंक को प्रस्तुत किया जाता है।

5.1.2 विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुरूप, उपर्युक्त पैरा 4 में वर्णित अनुसार निर्धारित श्रेणियों में परिसंपत्तियों के वर्गीकरण के आधार पर अनर्जक आस्तियों पर प्रावधान किया जाना चाहिए। किसी खाते के वसूली में संदेहास्पद होने, उसकी मान्यता, प्रतिभूति की वसूली और बैंक को प्रभारित प्रतिभूति के मूल्य में समय के साथ ह्रास के बीच समय अंतराल को ध्यान में रखते हुए, बैंकों को अवमानक आस्तियों, संदिग्ध आस्तियों और हानि आस्तियों के विरुद्ध निम्ननुसार प्रावधान करना चाहिए ।

### 5.2 हानि आस्तियां

हानि आस्तियों को राइट ऑफ किया जाना चाहिए। यदि किसी भी कारण से हानि आस्तियों को बहियों में रहने की अनुमति दी जाती है, तो बकाया के 100 प्रतिशत प्रावधान किया जाए।

### 5.3 संदिग्ध आस्तियां

5.3.1 उस सीमा का शत-प्रतिशत जिस तक अग्रिम जमानत के वसूली योग्य मूल्य से कवर नहीं होता है, जिसके लिए बैंक के पास वैध मार्ग है और वास्तविक आधार पर वसूली योग्य मूल्य का अनुमान लगाया गया है।

5.3.2 सुरक्षित हिस्से के संबंध में, संपत्ति के संदिग्ध रहने की अवधि के आधार पर, सुरक्षित हिस्से के 25 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक की दरों पर निम्नलिखित आधार पर प्रावधान किया जा सकता है:

| **अवधि जिसके लिए अग्रिम 'संदिग्ध' श्रेणी में रहा है 'संदिग्ध' श्रेणी में रहा** | **आवश्यक प्रावधान (%) (%)** |
|---|---|
| एक वर्ष तक | 25 |
| एक से तीन वर्ष तक | 40 |
| तीन वर्ष से अधिक | 100 |

5.3.3 सुरक्षा के मूल्य के आकलन में अंतर से उत्पन्न विचलन को कम करने के लिए, एनपीए के मामलों में ₹5 करोड़ और उससे अधिक के शेष एनपीए के मामलों में स्टॉक मूल्यांकन पर विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए बोर्ड द्वारा अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार नियुक्त बाहरी एजेंसियों द्वारा वार्षिक अंतराल पर स्टॉक ऑडिट अनिवार्य होगा। बैंक के पक्ष में चार्ज की गई अचल संपत्तियों जैसे संपार्श्विक को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित दिशानिर्देशों के अनुसार नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा तीन साल में एक बार मूल्यांकित किया जाना चाहिए।

## 5.4 अवमानक आस्तियां

5.4.1 ईसीजीसी गारंटी कवर और प्रतिभूतियों को उपलब्ध कराए बिना कुल बकाया पर 15 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान किया जाना चाहिए।

5.4.2 'असुरक्षित एक्सपोजर' जिनकी पहचान 'अवमानक' के रूप में की गई है, उन पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रावधान होगा, यानी बकाया राशि पर कुल का 25 प्रतिशत। तथापि, अवसंरचना ऋण के संबंध में उपलब्ध एस्क्रो खातों जैसे कुछ सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए, अवसंरचना ऋण खाते जिन्हें अव-मानक के रूप में वर्गीकृत किया गया है, उन पर 25 प्रतिशत के पूर्वोक्त निर्धारित के बजाय 20 प्रतिशत का प्रावधान होगा। कम प्रावधान के इस लाभ का फायदा उठाने के लिए, बैंकों के पास नकदी प्रवाह को एस्क्रो करने के लिए उपयुक्त तंत्र होना चाहिए और इन नकदी प्रवाहों पर एक स्पष्ट और पहला विधिक दावा भी होना चाहिए।

5.4.3 असुरक्षित 'संदिग्ध' परिसंपत्तियों के लिए प्रावधान की आवश्यकता 100 प्रतिशत है। असुरक्षित एक्सपोजर को एक एक्सपोजर के रूप में परिभाषित किया गया है जहां बैंक/अनुमोदित मूल्यांकनकर्ताओं/रिज़र्व बैंक के निरीक्षण अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन के अनुसार सुरक्षा का वसूली योग्य मूल्य, शुरु से ही बकाया एक्सपोजर के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है। 'एक्सपोजर' में सभी फंडेड और नॉन-फंडेड एक्सपोजर (हामीदारी और इसी तरह की प्रतिबद्धताओं सहित) शामिल होंगे। 'सुरक्षा' का अर्थ होगा बैंक को उचित रूप से दी गई मूर्त सुरक्षा और इसमें गारंटी (राज्य सरकार की गारंटी सहित), आराम पत्र आदि जैसी अमूर्त प्रतिभूतियां शामिल नहीं होंगी।

5.4.4 बैंकों के तुलन पत्र की अनुसूची 9 में गैर-जमानती अग्रिमों की पारदर्शिता बढ़ाने और सही प्रतिबिंब सुनिश्चित करने के लिए, यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वित्तीय वर्ष 2009-10 से लागू होंगे:

ए) प्रकाशित तुलन पत्र की अनुसूची 9 में दर्शाने के लिए गैर जमानती अग्रिमों की राशि का निर्धारण करने के लिए, बैंकों को उनके द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं (अवसंरचना परियोजनाओं सहित) के संबंध में संपार्श्विक के रूप में प्रभारित अधिकार, लाइसेंस, प्राधिकरण आदि, ठोस सुरक्षा के रूप में नहीं माना जाएगा। इसलिए ऐसे अग्रिमों को अरक्षित माना जाएगा।

बी) हालांकि, सड़क/राजमार्ग परियोजनाओं और टोल संग्रह अधिकारों के संबंध में बैंक वार्षिकी को बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर (बीओटी) मॉडल के तहत मान सकते हैं, जहां एक निश्चित स्तर का ट्रैफिक नहीं पाए जाने पर परियोजना प्रायोजक को मुआवजा देने का प्रावधान है, क्योंकि मूर्त प्रतिभूतियां इस शर्त के अधीन हैं कि बैंकों का वार्षिकी और टोल संग्रह अधिकार प्राप्त करने का अधिकार कानूनी रूप से लागू करने योग्य और अपरिवर्तनीय है।

सी) यह देखा गया है कि अधिकांश बुनियादी ढांचा परियोजनाएं, विशेष रूप से सड़क/राजमार्ग परियोजनाएं उपयोगकर्ता शुल्क आधारित हैं, जिसके लिए योजना आयोग ने मॉडल रियायत समझौते (एमसीए) प्रकाशित किए हैं। इन्हें विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों द्वारा उनकी संबंधित सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के लिए अपनाया गया है और वे ऋणदाताओं को अपने ऋण की सुरक्षा के संबंध में पर्याप्त सुविधा प्रदान करते हैं। उपरोक्त विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए, पीपीपी परियोजनाओं के मामले में, ऋणदाताओं के कारण ऋण को निम्नलिखित शर्तों के अधीन, रियायत समझौते के अनुसार परियोजना प्राधिकरण द्वारा सुनिश्चित सीमा तक सुरक्षित माना जा सकता है:

i. उपयोगकर्ता शुल्क/टोल/टैरिफ भुगतान एक एस्क्रो खाते में रखे जाते हैं जहां वरिष्ठ उधारदाताओं को रियायतग्राही द्वारा निकासी पर प्राथमिकता दी जाती है;
ii. जोखिम का पर्याप्त रुप से शमन किया जाता है, जैसे कि यदि परियोजना राजस्व अनुमान से कम है तो, उपयोगकर्ता शुल्क में पूर्व-निर्धारित वृद्धि या रियायत अवधि में वृद्धि,;
iii. रियायतग्राही द्वारा चूक के मामले में ऋणदाताओं को प्रतिस्थापन का अधिकार है;
iv. ऋण सेवा में चूक के मामले में ऋणदाताओं को समाप्ति को ट्रिगर करने का अधिकार है; तथा
v. समाप्ति पर, परियोजना प्राधिकरण (i) अनिवार्य खरीद-आउट और (ii) पूर्व-निर्धारित तरीके से देय ऋण की चुकौती का दायित्व है।
vi. ऐसे सभी मामलों में, बैंकों को त्रिपक्षीय समझौते के प्रावधानों की कानूनी प्रवर्तनीयता और ऐसे अनुबंधों के साथ अपने पिछले अनुभव के कारक के बारे में खुद को संतुष्ट करना चाहिए।

डी) बैंकों को उन अग्रिमों की कुल राशि का भी खुलासा करना चाहिए जिनके लिए अमूर्त प्रतिभूतियां जैसे अधिकार, लाइसेंस, प्राधिकरण आदि पर प्रभार लिया गया है और साथ ही ऐसे अमूर्त संपार्श्विक के अनुमानित मूल्य का भी खुलासा करना चाहिए। "खातों की टिप्पणियों" में एक अलग शीर्ष के तहत प्रकटीकरण किया जा सकता है। यह ऐसे ऋणों को अन्य पूरी तरह से असुरक्षित ऋणों से अलग करेगा।

**5.5 मानक आस्तियां**

5.5.1 सभी प्रकार की मानक आस्तियों के लिए प्रावधानीकरण आवश्यकताएं नीचे दी गई हैं। वैश्विक ऋण संविभाग आधार पर फंडेड बकाया निधि के लिए बैंकों को मानक आस्तियों के लिए निम्नलिखित दरों पर सामान्य प्रावधान करना चाहिए:

ए. कृषि गतिविधियों और लघु और सूक्ष्म उद्यमों (एसएमई) क्षेत्रों को 0.25 प्रतिशत पर कृषि ऋण;
बी. वाणिज्यिक रियल एस्टेट (सीआऱई - आरएच)[2] क्षेत्र को 1.00 प्रतिशत पर अग्रिम;
सी. वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए अग्रिम - आवासीय निवास क्षेत्र (सीआऱई - आरएच)[3] 0.75 प्रतिशत पर
डी. पैरा 5.9.9 में बताए अनुसार टीज़र दरों पर दिए गए आवास ऋण;
इ. पुनर्रचित अग्रिम - जैसा कि अग्रिमों की पुनर्रचना के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों में निर्धारित है।
एफ. मास्टर निदेश के अनुसार पुनर्गठित और मानक के रूप में वर्गीकृत अग्रिम - भारतीय रिजर्व बैंक (प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में बैंकों द्वारा राहत उपाय) निदेश 2018 - अनुसूचित सहकारी बैंक, समय-समय पर अद्यतन, 5% पर।
जी. अन्य सभी ऋण और अग्रिम जो (क) - (च) में 0.40 प्रतिशत से ऊपर शामिल नहीं हैं।

5.5.2 निवल एनपीए निकालने के लिए मानक आस्तियों के प्रावधानों की गणना नहीं की जानी चाहिए।

5.5.3 मानक आस्तियों से संबंधित प्रावधानों को सकल अग्रिमों से घटाए जाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि तुलन पत्र की अनुसूची 5 में 'अन्य देयताएं और अन्य प्रावधान ' के तहत 'मानक परिसंपत्तियों में आकस्मिक प्रावधान' के रूप में अलग से दिखाया जाए।

5.5.4 यह स्पष्ट किया जाता है कि मध्यम उद्यम 0.40% मानक परिसंपत्ति प्रावधान को आकर्षित करेंगे। सूक्ष्म उद्यमों, लघु उद्यमों और मध्यम उद्यमों की शर्तों की परिभाषा 2 जुलाई 2020 के एफआईडीडी. एमएसएमई और एनएफ़एस.बीसी.सं.3/06.02.31/2020-21 (समय समय पर अद्यातित) के 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र क्रेडिट प्रवाह' पर परिपत्र के अनुसार होगी।

5.5.5 संस्थाओं के उच्च स्तर के अनहेज्ड विदेशी मुद्रा एक्सपोजर उच्च मुद्रा अस्थिरता के समय में चूक की संभावना को बढ़ा सकते हैं। अत: बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपने उधारकर्ताओं की हेज न की गई स्थिति के जोखिम का अनुमान मास्टर निदेश 'भारतीय रिज़र्व बैंक (अनहेज़्ड विदेशी मुद्रा एक्सपोजर) निदेश पर दिनांक 11 अक्टूबर 2022 विवि.एमआरजी.77/00-00-007/2022-23' के निदेशों के अनुसार लगाएं और ऐसी संस्थाओं के प्रति उनके एक्सपोजर पर वृद्धिशील प्रावधान करें:

| संभावित हानि / ईबीआईडी (%) | वर्तमान प्रावधानों के अलावा कुल ऋण एक्सपोजर पर वृद्धिशील प्रावधान की आवश्यकता |
|---|---|
| 15 प्रतिशत तक | 0 |
| 15 प्रतिशत से अधिक तथा 30 प्रतिशत तक | 20 बीपीएस |

[2] सीआरई को जैसे कि दिनांक 9 सितंबर, 2009 के परिपत्र बैंपविवि.बीपी.बीसी.सं.42/08.12.015/2009-10 के अनुसार 'व्यावसायिक रियल एस्टेट (सीआरई) एक्सपोजर के रूप में एक्सपोजर के वर्गीकरण पर दिशानिर्देश' के अनुसार परिभाषित किया गया है।
[3] सीआरई-आरएच को दिनांक 21 जून 2013 के परिपत्र डीबीओडी.बीपी.बीसी.सं. 104/08.12.015/2012-13 'आवास क्षेत्र: सीआरई में नया उप-क्षेत्र सीआरई (आवासीय निवास) और प्रावधानीकरण, जोखिम-भार और एलटीवी अनुपात के युक्तिकरण' पर में परिभाषित है।

| | |
|---|---|
| 30 प्रतिशत से अधिक तथा 50 प्रतिशत तक | 40 बीपीएस |
| 50 प्रतिशत से अधिक तथा 75 प्रतिशत तक | 60 बीपीश |
| 75 प्रतिशत से अधिक | 80 बीपीएस |

* ईबीआईडी का वही अर्थ होगा जो ऋण सेवा कवरेज अनुपात (डीएससीआर) की गणना के लिए परिभाषित किया गया है, अर्थात ईबीआईडी = कर के बाद लाभ + मूल्यह्रास + ऋण पर ब्याज + पट्टा किराया, यदि कोई हो।

## 5.6 अस्थायी प्रावधानों के निर्माण और उपयोग पर विवेकपूर्ण मानदंड

### 5.6.1 बैंकों द्वारा अस्थायी प्रावधान बनाने का सिद्धांत

बैंक के निदेशक मंडल को उस स्तर के संबंध में अनुमोदित नीति बनानी चाहिए जिस स्तर तक अस्थायी प्रावधान बनाए जा सकते हैं। बैंक को 'अग्रिम' और 'निवेश' के लिए अलग-अलग अस्थायी प्रावधान रखने चाहिए और निर्धारित दिशानिर्देश 'अग्रिम' और 'निवेश पोर्टफोलियो' दोनों के लिए धारित अस्थायी प्रावधानों पर लागू होंगे।

### 5.6.2 बैंकों द्वारा अस्थायी प्रावधानों के उपयोग का सिद्धांत

5.6.2.1 अस्थायी प्रावधानों का उपयोग गैर-निष्पादित आस्तियों के संबंध में मौजूदा विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों के अनुसार विशिष्ट प्रावधान करने या मानक परिसंपत्तियों के लिए विनियामक प्रावधान करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। फ्लोटिंग प्रावधानों का उपयोग केवल असाधारण परिस्थितियों में बोर्ड की मंजूरी प्राप्त करने और आरबीआई की पूर्व अनुमति के बाद ह्रासित खातों में विशिष्ट प्रावधान करने के लिए किया जा सकता है। बैंकों के बोर्ड को एक अनुमोदित नीति बनानी चाहिए कि किन परिस्थितियों को असाधारण माना जाएगा।

5.6.2.2 बैंकों के बोर्डों को इस संबंध में उपयुक्त नीतियां विकसित करने में सुविधा प्रदान करने के लिए, यह स्पष्ट किया जाता है कि असाधारण परिस्थितियों में ऐसे नुकसान होते हैं जो व्यवसाय के सामान्य क्रम में उत्पन्न नहीं होते हैं और असाधारण और गैर-आवर्ती प्रकृति के होते हैं। ये असाधारण परिस्थितियाँ मोटे तौर पर तीन श्रेणियों के अंतर्गत आ सकती हैं नामतः, सामान्य, बाजार और ऋण। सामान्य श्रेणी के तहत, ऐसी स्थितियाँ हो सकती हैं जहाँ किसी देश में नागरिक अशांति या मुद्रा के पतन जैसी घटनाओं के कारण बैंक को अप्रत्याशित रूप से नुकसान होता है। प्राकृतिक आपदाओं और महामारियों को भी सामान्य श्रेणी में शामिल किया जा सकता है। बाजार श्रेणी में बाजार में सामान्य मंदी जैसी घटनाएं शामिल होंगी, जो संपूर्ण वित्तीय प्रणाली को प्रभावित करती हैं। क्रेडिट श्रेणी में, केवल असाधारण क्रेडिट हानियों को एक असाधारण परिस्थिति के रूप में माना जाएगा।

5.6.2.3 बैंकों पर कोविड-19 संबंधित दबाव के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए, पूंजी संरक्षण को सक्षम करने के उपाय के रूप में, बैंकों को विशिष्ट प्रावधान करने के लिए 31 दिसंबर 2020 तक गैर-निष्पादित आस्तियों के लिए उनके बोर्ड के पूर्व अनुमोदन से उनके द्वारा धारित अस्थायी प्रावधानों के 100 प्रतिशत का उपयोग करने की अनुमति थी। इस तरह के उपयोग की अनुमति 31 मार्च 2022 तक थी।

**5.6.3 लेखांकन**

अस्थायी प्रावधानों को लाभ और हानि खाते में जमा करके वापस नहीं किया जा सकता है। उनका उपयोग केवल ऊपर उल्लिखित असाधारण परिस्थितियों में विशिष्ट प्रावधान करने के लिए किया जा सकता है। इस तरह के उपयोग तक, शुद्ध एनपीए के प्रकटीकरण पर पहुंचने के लिए इन प्रावधानों को सकल एनपीए से घटाया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, उन्हें कुल जोखिम भारित परिसंपत्तियों के 1.25% की समग्र सीमा के भीतर टियर II पूंजी के हिस्से के रूप में माना जा सकता है।

**5.6.4 प्रकटीकरण**

बैंकों को चाहिए कि वे  वित्तीय विवरण-प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण पर मास्टर निदेश (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार बैलेंस शीट के "खातों पर नोट्स" में फ्लोटिंग (अस्थायी) प्रावधानों पर आवश्यक प्रकटीकरण करें।

## 5.7 निर्धारित दरों से अधिक पर अतिरिक्त प्रावधान

**5.7.1 एनपीए के लिए:**

प्रावधान के लिए नियामक मानदंड न्यूनतम आवश्यकता को दर्शाते हैं। संग्रहणीय राशि में अनुमानित वास्तविक हानि प्रदान करने के लिए बैंक स्वैच्छिक रूप से मौजूदा विनियमों के तहत निर्धारित दरों से अधिक दरों पर. अग्रिमों के लिए विशिष्ट प्रावधान कर सकता है, बशर्ते ऐसी उच्च दरें निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित हों और साल-दर-साल लगातार अपनाई जाती हों। ऐसे अतिरिक्त प्रावधानों को अस्थायी प्रावधान नहीं माना जाना चाहिए। एनपीए के लिए अतिरिक्त प्रावधान, जैसे शुद्ध एनपीए पर पहुंचने के लिए एनपीए पर न्यूनतम नियामक प्रावधान को सकल एनपीए से घटाया जा सकता है।

**5.7.2 मानक आस्तियों के लिए:**

इस मास्टर परिपत्र में निर्धारित प्रावधान दरें नियामक न्यूनतम हैं और बैंकों को अर्थव्यवस्था के दबावग्रस्त क्षेत्रों को अग्रिमों के संबंध में उच्च दरों पर प्रावधान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस संबंध में, निम्नानुसार सूचित किया जाता है:

(i) बैंक विभिन्न क्षेत्रों में जोखिम और दबाव के मूल्यांकन के आधार पर मानक आस्तियों के लिए विनियामक न्यूनतम से अधिक दरों पर प्रावधान करने के लिए एक बोर्ड-अनुमोदित नीति तैयार करेंगे।

(ii) नीति में कम से कम त्रैमासिक आधार पर, अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों, जिसमें वर्तमान और उभरते जोखिमों और दबाव का मूल्यांकन करने के लिए बैंक का जोखिम है, के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की आवश्यकता होगी । समीक्षा में मात्रात्मक और गुणात्मक पहलू शामिल हो सकते हैं जैसे ऋण-इक्विटी अनुपात, ब्याज कवरेज अनुपात, लाभ मार्जिन, डाउनग्रेड अनुपात में रेटिंग अपग्रेड, क्षेत्रीय गैर-निष्पादित संपत्ति / दबावग्रस्त संपत्ति, उद्योग प्रदर्शन और दृष्टिकोण, क्षेत्र द्वारा सामना किए जाने वाले कानूनी / नियामक मुद्दे, आदि। समीक्षाओं में क्षेत्र विशिष्ट मानदंड भी शामिल हो सकते हैं।

## 5.8 लीज पर दी गई आस्तियों पर प्रावधान

**5.8.1 अवमानक आस्तियां**

(i) लीज में निवल निवेश के योग का 15 प्रतिशत और वित्त प्रभार घटक के निवल वित्त आय का अप्राप्त भाग। 'पट्टे में शुद्ध निवेश', 'वित्त आय' और 'वित्त प्रभार' शब्द 'एएस 19 लीज' में परिभाषित हैं।

(ii) अरक्षित (जैसा कि ऊपर पैराग्राफ 5.4 में परिभाषित किया गया है) लीज एक्सपोजर, जिनकी पहचान 'अवमानक' के रूप में की गई है, पर 10 फीसदी यानी कुल 25 फीसदी का अतिरिक्त प्रावधान होगा।

**5.8.2 संदिग्ध संपत्ति**

लीज पर दी गई संपत्ति के वसूली योग्य मूल्य से जिस सीमा तक वित्त सुरक्षित नहीं है, उसका 100 प्रतिशत प्रदान किया जाना चाहिए। वास्तविक आधार पर वसूली योग्य मूल्य का अनुमान लगाया जाना होगा। उपरोक्त प्रावधान के अलावा, लीज में शुद्ध निवेश के योग और रक्षित हिस्से के वित्त प्रभार घटक के शुद्ध वित्त आय के अप्राप्त हिस्से, जो उस अवधि पर निर्भर करता है जिसके लिए परिसंपत्ति संदिग्ध रही है योग पर निम्नलिखित के दरों पर प्रावधान किया जाना चाहिए,:

| **वह अवधि जिसके लिए अग्रिम 'संदिग्ध' श्रेणी में रहा** | **प्रावधान आवश्यकता (%)** |
|---|---|
| एक वर्ष तक | 25 |
| एक से तीन साल | 40 |
| तीन वर्ष से अधिक | 100 |

**5.8.3 हानि आस्तियां**

संपूर्ण आस्तियों को बट्टे खाते में डाल दिया जाना चाहिए, यदि किसी भी कारण से, किसी संपत्ति को बही खातों में रहने की अनुमति दी जाती है, तो पट्टे में शुद्ध निवेश के योग का 100 प्रतिशत और वित्त आय के अप्राप्त हिस्से को वित्त प्रभार घटक के निवल के लिए प्रदान किया जाना चाहिए।

**5.9 विशेष परिस्थितियों में प्रावधानों के लिए दिशानिर्देश**

**5.9.1 जमाराशियों/विशिष्ट लिखतों पर अग्रिम**

मीयादी जमाराशियों पर अग्रिम, अभ्यर्पण के लिए पात्र एनएससी, आईवीपी, केवीपी, स्वर्ण आभूषण, सरकार और अन्य प्रतिभूतियां और जीवन बीमा पॉलिसियां उनकी परिसंपत्ति वर्गीकरण स्थिति पर लागू प्रावधान आवश्यकताओं को आकर्षित करेंगी।

**5.9.2 ब्याज उचंत खाते का व्यवहार**

ब्याज उचंत खाते में रखी गई राशि को प्रावधानों के हिस्से के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। ब्याज उचंत खाते में पड़ी राशि को संबंधित अग्रिमों से काट लिया जाना चाहिए और उसके बाद, इस तरह की कटौती के बाद शेष राशि पर मानदंडों के अनुसार प्रावधान किया जाना चाहिए।

**5.9.3 ईसीजीसी गारंटी के अंतर्गत आने वाले अग्रिम**

ईसीजीसी द्वारा संदिग्ध और गारंटीकृत के रूप में वर्गीकृत अग्रिमों के मामले में, केवल निगम द्वारा गारंटीकृत राशि से अधिक की शेष राशि के लिए प्रावधान किया जाना चाहिए। इसके अलावा, संदिग्ध आस्तियों के लिए किए जाने वाले आवश्यक प्रावधान पर पहुंचते समय, प्रतिभूतियों के वसूली योग्य मूल्य को पहले निगम द्वारा गारंटीकृत

राशि के संबंध में बकाया शेष राशि से घटाया जाना चाहिए और फिर नीचे दर्शाए अनुसार प्रावधान किया जाना चाहिए:

**उदाहरणार्थ**

| | |
|---|---|
| बकाया शेष राशि | रू. 4 लाख |
| ईसीजीसी कवर | 50 प्रतिशत |
| वह अवधि जिसके लिए अग्रिम 'संदिग्ध' श्रेणी में रहा | 2 वर्ष से अधिक संदिग्ध श्रेणी में रहा (जैसे, 31 मार्च 2014 की अवधि के लिए) |
| धारित सुरक्षा का मूल्य | रू. 1.50 लाख |

किया जाने वाला प्रावधान

| | |
|---|---|
| बकाया शेष राशि | रू. 4.00 लाख |
| घटाएं: धारित सुरक्षा का मूल्य | रू. 1.50 लाख |
| गैर प्रतिफलित शेष | रू. 2.50 लाख |
| घटाएं: ईसीजीसी कवर (50% of unrealisable balance) | रू. 1.25 लाख |
| गैर रक्षित शेष | रू. 1.25 लाख |
| अग्रिम के अरक्षित हिस्से के लिए प्रावधान | रू. 1.25 लाख (@ अरक्षित हिस्से का 100 प्रतिशत) |
| अग्रिम के रक्षित हिस्से के लिए प्रावधान (31 मार्च 2012 की अवधि के लिए) | रू.0.60 लाख (@ अरक्षित हिस्से का 40 प्रतिशत) |
| किया जाने वाला कुल प्रावधान | रू.1.85 लाख (31 मार्च 2014 की अवधि के लिए) |

5.9.4 क्रेडिट गारंटी योजनाओं द्वारा गारंटीकृत एक्सपोजर:

दिनांक 07 सितंबर 2022 के परिपत्र विवि.एसटीआर.आरईसी.67/21.06.201/2022-23 के संदर्भ में, बैंकों को, कुछ शर्तों के अधीन सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई), कम आय वाले आवास के लिए क्रेडिट रिस्क गारंटी फंड ट्रस्ट (सीआरजीएफटीएलआईएच) और नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लिमिटेड (एनसीजीटीसी) के तहत व्यक्तिगत योजनाओं द्वारा गारंटीकृत अग्रिमों पर शून्य जोखिम भार लागू करने की अनुमति दी गई है। यदि ऐसे अग्रिम अनर्जक हो जाते हैं, गारंटीकृत हिस्से के लिए कोई प्रावधान करने की आवश्यकता नहीं है। गैर-निष्पादित आस्तियों के लिए प्रावधान पर मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, गारंटीकृत हिस्से से अधिक बकाया राशि का प्रावधान किया जाना चाहिए। एक निदर्शी उदाहरण नीचे दिया गया है:

**उदाहरण:**

| | |
|---|---|
| बकाया जमा | रू. 10 लाख |
| सीजीटीएमएसई या सीआरजीएफटीएलआईएच कवर | सीजीटीएमएसई या सीआरजीएफटीएलआईएच बकाया राशि का 75% या अरक्षित राशि का 75% या रु.37.50 लाख, जो भी कम से कम हो |
| अवधि जिसके लिए अग्रिम संदिग्ध बना हुआ है | 2 वर्ष से अधिक समय तक संदिग्ध रहा (मान लीजिए 31 मार्च 2014 को) |
| रू.1.50 लाख की धारित सुरक्षा का मूल्य | रू.1.50 लाख की धारित सुरक्षा का मूल्य |

<u>किया जाने वाला प्रावधान</u>

| | |
|---|---|
| बकाया शेष राशि | रू.10.00 लाख |
| घटाएं: धारित सुरक्षा का मूल्य | रू. 1.50 लाख |
| अरक्षित राशि | रू. 8.50 लाख |
| घटाएं: सीजीटीएमएसई/ सीआरजीएफटीएलआईएच कवर (75%) | रू. 6.38 लाख |
| निवल अरक्षित और कवर न किया गया हिस्सा: | रू. 2.12 लाख |
| रू.1.50 लाख के @ 40% की दर से रक्षित हिस्से के लिए प्रावधान | रू. 0.60 लाख |
| रू.2.12 लाख के @ 100% की दर से अरक्षित और कवर न किए गए हिस्से के लिए प्रावधान | रू. 2.12 लाख |
| कुल आवश्यक प्रावधान | रू. 2.72 लाख |

**5.9.5 विनिमय दर में उतार-चढ़ाव खाते के लिए आरक्षित (आरईआरएफए)**

जब भारतीय रुपये की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव प्रतिकूल हो जाता है, तो विदेशी मुद्रा मूल्यवर्ग के ऋणों जो अतिदेय हो जाता है (जहां वास्तविक संवितरण भारतीय रुपये में किया गया था) की बकाया राशि, प्रावधानीकरण आवश्यकताओं के इसके सहवर्ती परिणामों के साथ समान रूप से बढ़ जाती है। ऐसी संपत्तियों का सामान्य रूप से पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसी आस्तियों को लेखांकन प्रथाओं की आवश्यकता के अनुसार या किसी अन्य आवश्यकता के अनुसार पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है, तो निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई जा सकती है:

ए. परिसंपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन पर होने वाले नुकसान को बैंक के लाभ और हानि खाते में दर्ज किया जाए।

बी. परिसंपत्ति वर्गीकरण के अनुसार प्रावधान की आवश्यकता के अलावा, विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के कारण पुनर्मूल्यांकन लाभ की पूरी राशि, यदि कोई हो, का उपयोग संबंधित परिसंपत्तियों में प्रावधान करने के लिए किया जाना चाहिए।

## 5.9.6 देश की जोखिम के लिए प्रावधान

5.9.6.1 बैंक 31 मार्च 2003 को समाप्त वर्ष से निवल वित्तपोषित देश के एक्सपोजर पर नीचे उल्लिखित जोखिम श्रेणियों के अनुसार 0.25 से 100 प्रतिशत तक के श्रेणीबद्ध पैमाने पर प्रावधान करेंगे। प्रारंभ में, बैंक निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार प्रावधान करेंगे:

| जोखिम श्रेणी | ईसीजीसी वर्गीकरण | आवश्यक प्रावधान (प्रतिशत) |
|---|---|---|
| अमहत्वपूर्ण | ए1 | 0.25 |
| कम | ए2 | 0.25 |
| मध्यम | बी1 | 5 |
| उच्च | बी2 | 20 |
| अति उच्च | सी1 | 25 |
| प्रतिबंधित | सी2 | 100 |
| ऑफ-क्रेडिट | डी | 100 |

5.9.6.2 बैंकों को ऐसे देश के संबंध में देश के जोखिम के लिए प्रावधान करना आवश्यक है जहां उसका निवल निधिबद्ध एक्सपोजर उसकी कुल संपत्ति का एक प्रतिशत या अधिक है।

5.9.6.3 देश की जोखिम के लिए प्रावधान परिसंपत्ति के आस्ति वर्गीकरण स्थिति के अनुसार आवश्यक धारित प्रावधानों के अतिरिक्त होगा। हालांकि, 'हानि आस्तियों' और 'संदिग्ध आस्तियों' के मामले में, देश के जोखिम के लिए धारित प्रावधान सहित प्रावधान, बकाया के 100% से अधिक नहीं हो सकता है।

5.9.6.4 बैंक 'होम कंट्री' एक्सपोजर यानी भारत में एक्सपोजर के लिए कोई प्रावधान नहीं करें। मेजबान देश में भारतीय बैंकों की विदेशी शाखाओं के एक्सपोजर को शामिल किया जाना चाहिए। विदेशी बैंक अपनी भारतीय शाखाओं के कंट्री एक्सपोजर की गणना करेंगे और अपनी भारतीय बहियों में उपयुक्त प्रावधान रखेंगे। हालांकि, भारत में उनके एक्सपोजर को बाहर रखा जाएगा।

5.9.6.5 बैंक अल्पकालिक एक्सपोजर (यानी 180 दिनों से कम की संविदात्मक परिपक्वता वाले एक्सपोजर) के संबंध में प्रावधान का निम्न स्तर (उदाहरण के लिए आवश्यकता का 25%) बना सकते हैं।

5.9.7 प्रतिभूतिकरण लेनदेन के लिए प्रदान की गई चलनिधि सुविधा के लिए प्रावधान मानदंड

भारतीय रिज़र्व बैंक (मानक आस्तियों का प्रतिभूतिकरण) निदेश, 2021 (समय-समय पर संशोधित) के अनुसार किए गए प्रतिभूतिकरण लेनदेन के संबंध में 90 दिनों से अधिक के लिए आहरित और बकाया चलनिधि सुविधा की राशि को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाना चाहिए और पूरी तरह से प्रावधान किया जाना चाहिए।

5.9.8 डेरिवेटिव एक्सपोजर के लिए प्रावधान संबंधी आवश्यकताएं

ब्याज दर और विदेशी मुद्रा डेरिवेटिव लेनदेन, क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप और गोल्ड के कारण उत्पन्न होने वाले अनुबंध के वर्तमान मार्क-टू-मार्केट के अनुसार गणना किए गए क्रेडिट एक्सपोजर, संबंधित प्रतिपक्षकारों की 'मानक' श्रेणी में ऋण परिसंपत्तियों पर लागू प्रावधान की आवश्यकता को भी आकर्षित करेंगे। मानक परिसंपत्तियों के

प्रावधानों के व्यवहार के लिए लागू सभी शर्तें डेरिवेटिव और स्वर्ण एक्सपोजर के लिए उपरोक्त प्रावधानों पर भी लागू होंगी।

5.9.9 टीज़र दरों पर आवास ऋण का प्रावधान

यह देखा गया है कि कुछ बैंक पहले कुछ वर्षों में टीज़र दरों पर यानी तुलनात्मक रूप से कम ब्याज दरों पर आवास ऋण स्वीकृत करने की प्रथा का पालन कर रहे हैं, जिसके बाद दरों को उच्च दरों पर रीसेट किया जाता है। यह प्रथा चिंता का विषय है क्योंकि सामान्य ब्याज दर, जो प्रारंभिक वर्षों में लागू दर से अधिक है, प्रभावी हो जाने पर कुछ उधारकर्ताओं को ऋण चुकाना मुश्किल हो सकता है। यह भी देखा गया है कि कई बैंक प्रारंभिक ऋण मूल्यांकन के समय सामान्य उधार दरों पर उधारकर्ता की चुकौती क्षमता को ध्यान में नहीं रखते हैं। इसलिए, ऐसे ऋणों की बकाया राशि पर मानक परिसंपत्ति प्रावधान को उनसे जुड़े उच्च जोखिम को देखते हुए 0.40 प्रतिशत से बढ़ाकर 2.00 प्रतिशत कर दिया गया है। यदि खाते 'मानक' बने रहते हैं, तो दरों को उच्च दरों पर रीसेट करने की तारीख से 1 वर्ष के बाद इन परिसंपत्तियों पर प्रावधान फिर से 0.40 प्रतिशत पर हो जाएगा।

5.9.10 बाजार तंत्र के माध्यम से बड़े उधारकर्ताओं के लिए ऋण आपूर्ति बढ़ाने पर दिशानिर्देशों के संदर्भ में प्रावधान की आवश्यकता

विनिर्दिष्ट उधारकर्ताओं के संबंध में, दिनांक 25 अगस्त 2016 को बाजार तंत्र के माध्यम से बड़े उधारकर्ताओं के लिए ऋण आपूर्ति बढ़ाने संबंधी दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, बैंक अपने वृद्धिशील एक्सपोजर पर लागू प्रावधान के अतिरिक्त 3 प्रतिशत अंक का और उक्त दिशानिर्देशों में परिभाषित सामान्य रूप से अनुमत ऋण सीमा (एनपीएलएल) से अधिक बैंकिंग प्रणाली पर अतिरिक्त प्रावधान करेंगे। । यह उच्च प्रावधानीकरण आवश्यकता प्रत्येक बैंक के निर्दिष्ट उधारकर्ता के लिए वित्त पोषित एक्सपोजर के अनुपात में वितरित की जाएगी।

## 5.10 प्रावधान कवरेज अनुपात

5.10.1 प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर) अनिवार्य रूप से सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के प्रावधान का अनुपात है और यह दर्शाता है कि बैंक ने ऋण हानियों को कवर करने के लिए कितनी धनराशि अलग रखी है।

5.10.2 मैक्रो-प्रूडेंशियल परिप्रेक्ष्य से, जब लाभ अच्छा हो तो बैंकों को अच्छे समय में प्रावधान और पूंजी बफर का निर्माण करना चाहिए, जिसका उपयोग मंदी में नुकसान को अवशोषित करने के लिए किया जा सकता है। यह व्यक्तिगत बैंकों की सुदृढ़ता के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता को भी बढ़ाएगा। इसलिए, यह निर्णय लिया गया कि बैंकों को एनपीए के साथ-साथ फ्लोटिंग प्रावधानों के खिलाफ विशिष्ट प्रावधानों से युक्त अपने प्रावधान कुशन में वृद्धि करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फ्लोटिंग प्रावधानों सहित उनका कुल प्रावधान कवरेज अनुपात 70 प्रतिशत से कम नहीं है। तदनुसार, बैंकों को सूचित किया गया था कि वे इस मानदंड को सितंबर 2010 के अंत तक प्राप्त कर लें।

5.10.3 अधिकांश बैंकों ने 70 प्रतिशत का पीसीआर हासिल कर लिया था और उन्होंने आरबीआई को अभ्यावेदन दिया था कि क्या निर्धारित पीसीआर को निरंतर आधार पर बनाए रखना आवश्यक है। मामले की जांच की गई और बैंकों को सूचित किया गया कि:

(i) 30 सितंबर, 2010 को बैंकों में सकल एनपीए की स्थिति के संदर्भ में 70 प्रतिशत का पीसीआर हो सकता है;

(ii) विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार पीसीआर के तहत प्रावधान के अधिशेष को "काउंटरसाइक्लिकल प्रोविजनिंग बफर" प्रकार के खाते में अलग किया जाना चाहिए, जिसकी गणना अनुबंध - 3 में दिए गए प्रारूप के अनुसार की जा सकती है।; तथा

(iii) इस बफर को बैंकों द्वारा आरबीआई के पूर्वानुमोदन से सिस्टम वाइड डाउनटाउन की अवधि के दौरान एनपीए के लिए विशिष्ट प्रावधान करने के लिए उपयोग करने की अनुमति दी जाएगी।

5.10.4 बैंक के पीसीआर को तुलन-पत्र में खातों की टिप्पणियों में दर्शाया जाना चाहिए।

## 6 एनपीए को बट्टे खाते में डालना

### 6.1 सामान्य

6.1.1 आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 43(डी) के अनुसार, अशोध्य और संदिग्ध ऋणों की ऐसी श्रेणियों के संबंध में ब्याज के रूप में आय, जैसा कि इस तरह के संबंध में आरबीआई द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में निर्धारित किया जा सकता है, ऐसा ऋण, पिछले वर्ष में कर के लिए प्रभार्य होगा जिसमें इसे बैंक के लाभ और हानि खाते में जमा किया जाता है या प्राप्त किया जाता है, जो भी पहले हो।

6.1.2 यह शर्त ऊपर बताए अनुसार किए जाने वाले आवश्यक प्रावधान पर लागू नहीं होती है। दूसरे शब्दों में, उपरोक्तानुसार एनपीए के लिए प्रावधान करने के लिए अलग रखी गई राशियां कर कटौती के लिए पात्र नहीं हैं।

6.1.3 इसलिए, बैंकों को या तो दिशानिर्देशों के अनुसार पूर्ण प्रावधान करना चाहिए या ऐसे अग्रिमों को बट्टे खाते में डालना चाहिए और अपने लेखापरीक्षकों/कर सलाहकारों के परामर्श से उपयुक्त कार्यप्रणाली विकसित करके ऐसे कर लाभों का दावा करना चाहिए जो लागू हों। ऐसे खातों में की गई वसूली को नियमों के अनुसार कर उद्देश्यों के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

### 6.2 प्रधान कार्यालय के स्तर पर बट्टे खाते डालना

6.2.1 बैंक शाखा की बहियों में संबंधित अग्रिमों के बकाया रहते हुए भी प्रधान कार्यालय स्तर पर अग्रिमों को बट्टे खाते डाल सकते हैं[4]। परंतु यह आवश्यक है कि संबंधित खातों को दिये गये वर्गीकरण के अनुसार प्रावधान किया जाये। दूसरे शब्दों में, यदि अग्रिम हानि वाली आस्ति है तो उसके लिए 100 प्रतिशत प्रावधान करना होगा।

6.2.2 बैंक सार्वजनिक जमाओं के संरक्षक हैं और इसलिए यह अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी आस्तियों के मूल्य की रक्षा के लिए सभी प्रयास करेंगें । बैंकों को किसी भी खाते को पूरी तरह से या आंशिक रूप से बट्टे खाते में डालने से पहले वसूली के सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करना चाहिए। यह देखा गया है कि कुछ बैंक खातों को तकनीकी बट्टे खाते में डालने का सहारा ले रहे हैं, जिसके कारण वसूली के लिए प्रोत्साहन कम हो जाते हैं । आंशिक और तकनीकी बट्टे खाते में डालने का सहारा लेने वाले बैंकों को ऋण के शेष भाग को मानक आस्तियों के रूप में नहीं दिखाना चाहिए । अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से, अब से बैंकों को समय-समय पर अद्यतीत दिनांक 30 अगस्त 2021 के वित्तीय विवरण- प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण पर इस मास्टर परिपत्र के अनुबंध ।।। -4 (ए) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपने वार्षिक वित्तीय विवरणों में तकनीकी रूप से बट्टे खाते में डाले जाने के बारे में अलग विवरण सहित बट्टे खाते में डाले जाने का पूरा विवरण देना चाहिए ।

## 7. अनर्जक आस्ति प्रबंधन – प्रभावी प्रणाली और गहन आंकड़ों की आवश्यकता

**7.1** बैंकों की आस्ति-गुणवत्ता उनकी वित्तीय सुदृढ़ता के सर्वाधिक महत्वपूर्ण संकेतकों में से एक है। अतः बैंकों को अपने मौजूदा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं एमआईएस फ्रेमवर्क की समीक्षा करनी चाहिए तथा अलग अलग खाते के स्तर पर एवं सेगमेंट (आस्ति श्रेणी**,** उद्योग**,** भौगोलिक आकार आदि) स्तर पर

[4] कृपया 8 जून, 2023 के समझौता निपटान और तकनीकी रूप से बट्टे खाते डालने (राइट-ऑफ) के लिए रूपरेखा और 20 जून, 2023 को जारी किए गए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न देखें।

संकट के लक्षणों को आरंभ में ही पकड़ने के लिए एक मजबूत प्रबंध सूचना प्रणाली (एमआईएस) स्थापित करनी चाहिए। ऐसे शीघ्र-चेतावनी देने वाले संकेतकों को एक प्रभावी निवारक आस्ति गुणवत्ता प्रबंधन फ्रेमवर्क स्थापित करने हेतु प्रयोग में लाया जाना चाहिए जिसमें उस समय लागू विनियामक फ्रेमवर्क के अंतर्गत दबावग्रस्त अर्थक्षम खातों के लिए पारदर्शी पुनर्रचना प्रणाली शामिल है, ताकि सभी सेगमेंट में उन संस्थाओं के आर्थिक मूल्य को बचाए रखा जा सके।

